संoसंo—17 / विविध—01—164 / 2026
**बिहार सरकार**
**स्वास्थ्य विभाग**

प्रेषक,

रेणु कुमारी,
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

डॉ0 राहुल सिंह,
चिकित्सा पदाधिकारी (बॉण्ड),
लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना,
**पत्राचार का पता:**— Room no 415, c block, New pg boys Hostel,
NMCH Hospital, Agamkuan sadikpur, Patna, Pin- 800007,
**स्थायी पता:**— 11/4 R.B.C Road, Rishra, Hooghly,
**State**- West Bengal, **Pin Code**-712248
**E-mail Id**- rahulsinghrishr@gmail.com

पटना, दिनांक :— / /2026

**विषय :— लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना में अविलंब योगदान करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबध में कहना है कि निदेशक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना द्वारा सूचित किया गया है कि आप अपने पदस्थापित स्थल से विगत तीन माह से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित है, जिसके कारण सस्थान में चिकित्सीय सेवा का संचालन प्रभावित हो रहा है।

विदित हो कि राज्य के राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों से पी०जी०/डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों को राज्य में अनिवार्य बॉण्ड सेवा प्रदान की जानी है। अनिवार्य सेवा राज्य सरकार को उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में 25 (पच्चीस) लाख रूपये की राशि एकमुश्त वापस करने का प्रावधान है।

अतः उक्त के आलोक में निदेशित है कि पदस्थापित चिकित्सा संस्थान लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना में 07 दिनों के अंदर योगदान कर बॉण्ड अवधि पूरी करना सुनिश्चित करे अथवा बॉण्ड सेवा राज्य सरकार को उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में 25 (पच्चीस) लाख रूपये की राशि एकमुश्त वापस करना सुनिश्चित करे, अन्यथा विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

उक्त में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह०/—
(रेणु कुमारी)
विशेष कार्य पदाधिकारी।

**ज्ञापांक—17 / विविध—01—164 / 2026**—979/17/ **पटना, दिनांक**— 06/08 **/2026**

**प्रतिलिपि:**— निदेशक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना सूचनार्थ एवं आवशयक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि:**— आई० टी० मैनेजर/प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी।

D/Manjit Ji/Letter